No. of Printed Pages/Questions: 6/15

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination - (2025 – 2026)

**Class: VI** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधी लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक व पूरक पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

### खंड 'क' अपठित बोध ( 14 अंक)

**1. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X3+2X2=7**

ईश्वरचंद्र विद्यासागर संस्कृत के पण्डित थे। उनकी ख्याति का कारण उनका ज्ञान ही नहीं था, बल्कि सदाचार भी था। वह अपनी विनम्रता, परोपकार, सच्चाई आदि गुणों से सभी के प्रिय बन गए थे। ऐसे ही एक बार कोलकाता के संस्कृत कॉलेज में संस्कृत व्याकरण पढ़ाने के लिए एक अध्यापक का पद रिक्त हुआ। स्वाभाविक था कि कॉलेज के प्राचार्य को सर्वप्रथम ईश्वरचंद्र का ध्यान आया। उन्होंने ईश्वरचंद्र के पास पत्र भिजवाया। उस पत्र में उन्होंने आग्रह किया कि वह संस्कृत अध्यापक का पद ग्रहण करें। इससे कॉलेज गौरवान्वित होगा। ईश्वरचंद्र ने पत्र पढ़ा, एक क्षण विचार किया और अपनी असहमति लिखकर भेज दी। उन्होंने लिखा, आपको व्याकरण के निपूर्ण अध्यापक की आवश्यकता है। मैं सोचता हूँ कि व्याकरण में मैं इस योग्य नहीं हूँ। इस विषय में मुझसे अधिक विद्वान मेरे मित्र तारक वाचस्पति हैं। यदि आप उनकी नियुक्ति कर सकें तो मुझे बहुत खुशी होगी कि आपने एक योग्य व्यक्ति का चुनाव किया है। ईश्वरचंद्र विद्यासागर के प्रस्ताव को कॉलेज की प्रबंधन समिति ने सहर्ष मान लिया।

**(I) ईश्वरचंद्र ने किसका नाम संस्कृत व्याकरण के शिक्षक के रूप में प्राचार्य को सुझाया ?**

अ वाचस्पति ब प्रेमचंद

स वात्स्यायन द विवेकानंद

**(II) तारक वाचस्पति कैसे अध्यापक थे ?**

अ अनुभवी ब मेहनती

स निपूर्ण द लगनशील

**(III)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**कथन (A) :** विद्यासागर जी की ख्याति का कारण उनका ज्ञान ही था।

**कारण (R) :** ईश्वरचंद्र विद्यासागर संस्कृत के पण्डित थे।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv)** ईश्वरचंद्र विद्यासागर किन गुणों के कारण सबके प्रिय बन गए थे ?

**(v)** कॉलेज के प्राचार्य ने विद्यासागर जी से क्या आग्रह किया ?

**2 काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X3+2X2=7)**

तूने खूब रचा भगवान, खिलौना माटी का,

इसे कोई ना सका पहचानं, खिलौना माटी का,

वाह रे तेरा इंसान विधाता

इसका भेद समझ में न आता

धरती से इसका नाता– मगर हवा में किले बनाता,

अपनी उलझन आप बढ़ाता,–खुद हैरान भी होता

कभी एकदम रिश्ता जोड़े, कभी अचानक ममता तोड़े

होके पराया मुखड़ा मोड़े, अपनों को मँझधार में छोड़े,

सूरज की खोज में इत–उत दौड़े,

कितना ये नादान, खिलौना माटी का

तूने खूब रचा खूब मढ़ा,

भगवान खिलौना माटी का।

**(I) कवि ने माटी का खिलौना किसे कहा है ?**

**अ** खिलौनों को | **ब** मनुष्य को

**स** भगवान को | **द** विधाता को

**(II) इंसान कब हैरान होता है ?**

**अ** अपनी उलझन बढ़ाकर | **ब** धरती से जुड़कर

**स** नए रिश्ते जोड़कर | **द** पराया बनकर

**(III)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**कथन (A):** मनुष्य का धरती से नाता है मगर हवा में किले बनाता है।

**कारण (R):** मनुष्य अपनी उलझन बढ़ाकर खुद उसी में उलझ जाता है।

(अ) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

**(IV)** मनुष्य यहाँ–वहाँ क्यों भटकता है ?

**(V)** काव्यांश के आधार पर बताइए इंसान का रिश्ता किससे हैं और कैसे ?

**खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण ( 16 अंक)**

**3 निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1X4=4**

(I) 'दुग्ध' और 'कर्ण' शब्द का तद्भव लिखिए।

(II) वर्णसंकर शब्द का दो उदाहरण लिखिए।

(III) यौगिक शब्द किसे कहते हैं? एक उदाहरण के साथ लिखिए।

(IV) स्कूल और पार्टी किस प्रकार के शब्द हैं?

(V) रूढ़ शब्द का दो उदाहरण लिखिए।

**4 निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1X4=4**

(I) दीर्घ स्वर संधि के दो उदाहरण लिखिए।

(II) हित+एषी तथा एक+एक का संधि कीजिए।

(III) हमें सदा+एव सत्य बोलना चाहिए। इस वाक्य को संधि करके वाक्य को दोबारा लिखिए।

(IV)' रवींद्र' शब्द का संधि विच्छेदकर भेद लिखिए।

(V) नायक और शयन शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

**5.निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4=4**

(I) 'सचिन तेंदुलकर' मेरा पसंदीदा खिलाड़ी है। इस वाक्य में से व्यक्तिवाचक छाँटकर लिखिए।

(II) संज्ञा के कितने भेद होते है, नाम लिखिए।

(III) एक ही प्रकार के व्यक्तियों अथवा वस्तुओं का बोध कराने वाली संज्ञा कौन–सी होती है।

(IV) 'मित्र' और 'बच्चा' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

(V) 'गंगा' और 'हिमालय' शब्द से जातिवाचक संज्ञा बनाइए।

**6. निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4=4**

(I) स्त्रीलिंग तथा पुल्लिग में समान रहने वाले दो शब्द लिखिए।

(II) माली पौधों को पानी दे रहा है।(रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग लिखकर वाक्य को दोबारा लिखिए)

(III) 'गायक' और 'राजा' शब्द के स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

(IV) दूध, सोना और प्राण में से जो एकवचन नहीं है, उस शब्द को छाँटिए।

(V) 'पतंग' और 'पुस्तक' शब्द के बहुवचन रूप लिखिए।

**खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**

**7. पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **1X5=5**

माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता था। भगवत भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर और बलवान था। बाबा भारती उसे सुलतान कहकर पुकारते थे। अपने हाथ से खुद दाना–पानी खिलाते और देख–देखकर प्रसन्न होते थे। उन्होंने रूपया, माल, असबाब, ज़मीन आदि अपना सब कुछ छोड़ दिया था, यहाँ तक कि उन्हें नगर के जीवन से भी घृणा थी। अब गाँव से बाहर एक छोटे से मंदिर में रहते और भगवान का भजन करते थे। "मैं सुलतान के बिना नहीं रह सकूँगा " उन्हें ऐसी भ्राँति–सी हो गई थी। वे उसकी चाल पर लट्टू थे। कहते,"ऐसे चलता है जैसे मोर घटा को देखकर नाच रहा हो।"जब तक संध्या के समय सुलतान पर चढ़कर आठ–दस मील का चक्कर न लगा लेते, उन्हें चैन न आता।

**(I) घोड़ा देखकर किसको बड़ा आनंद आता था ?**

(अ) बाबा भारती को (ब) माँ को

(स) किसान को (द) भगवान को

**(II) घोड़े का नाम क्या था?**

(अ) सलमान (ब) मुलतान

(स) सुलतान (द) चेतक

**(III) बाबा भारती ने सुलतान के लिए इनमें से कौन सी चीजें नहीं छोड़ी थी ?**

(अ) ज़मीन (ब) रूपया

(स) भोजन (द) माल

**(IV) नगर के जीवन से किसे घृणा थी ?**

(अ) किसान को (ब) घोड़े को

(स) बाबा भारती को (द) माँ को

**(V) गाँव से बाहर एक छोटे से मंदिर में कौन रहता था ?**

(अ) बाबा भारती (ब) घोड़ा

(स) खडगसिंह (द) भगवान

**8.निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तरं लिखिए–** **2X4=8**

**(I)** मेजर ध्यानचंद का जन्म कब हुआ? सिपाही के रूप में वे सबसे पहले कहाँ भरती हुए? ('गोल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(II) किन बातों से ऐसा लगता है कि ध्यानचंद स्वयं से पहले दूसरों को रखते थे ?('गोल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(III) सुलतान के छीने जाने का बाबा भारती पर क्या प्रभाव हुआ ?('हार की जीत' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(IV) बिस्मिल को साहसी बनाने में उनकी माता जी ने कैसे सहयोग किया ?('मेरी माँ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

(V) वृक्ष अपना आहार किस प्रकार ग्रहण करते है?('पेड़ की बात' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

**9. पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **1X5=5**

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव–जीवन की ले अँगड़ाई
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत–सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि–सी,
हरी दूब पुलकी–मुसकाई।
पहली बूँद धरा पर आई।।

**(I) इस कविता के कवि कौन हैं?**

(अ) गोपाल कृष्ण कौल (ब) साहिर लुधियानवी
(स) रामधारी सिंह (द) जयशंकर प्रसाद

**(II) 'पावस' का क्या अर्थ है?**

(अ) वर्षा ऋतु (ब) ग्रीष्मऋतु
(स) वसंत ऋतु (द) शरद् ऋतु

(III) **उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है ?**

(अ) बादल राग (ब) मैं भी छोटी होऊँ
(स) पहली बूँद (द) वह चिड़िया जो

(IV) **वर्षा ऋतु के आगमन से चारों तरफ क्या फैली है ?**

(अ) आनंद रूपी हरियाली (ब) कीचड़
(स) जल (द) धूल

(V) **धरती के सूखे होठों पर बारिश बूँदे किसके समान आकर गिरी ?**

(अ) पानी के समान (ब) अग्नि के समान
(स) बर्फ के समान (द) अमृत के समान

10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग लिखिए– **2X3=6**

**(I)** भारत की धरती पर किस –किस महापुरूष ने जन्म लिया ?('मातृभूमि' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

**(II)** एक भारतवासी होने के नाते आपके क्या–क्या कर्त्तव्य हैं ?('मातृभूमि' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(III) रहीम ने थोड़े दिनों की विपदा को 'भली' क्यों कहा है? ('रहीम के दोहे' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

(IV) रहीम कवि ने सच्चे मित्र की क्या–क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– **3X2=6**

**(I)** राजकुमार राम की विशेषताएँ लिखिए।

**(II)** महर्षि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कौन–कौन–सी विद्या सिखाई और उनकी क्या विशेषता थी?

**(III)** राम जी क्यों नहीं चाहते थे कि सीता जी उनके साथ वन में जाये ?

## खंड–'घ' (रचनात्मक लेखन)

12.किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए– **6X1=6**

(क) व्यायाम

संकेत बिंदु– 'जीवन में स्वस्थता अनिवार्य ' 'व्यायाम के प्रकार' 'लाभ ' 'व्यायाम की आवश्यकता

(ख) स्वच्छता अभियान

संकेत बिंदु– ' स्वच्छता का अर्थ' ' स्वच्छता अभियान का उद्देश्य' 'इस हेतु प्रयास' 'नागरिकों का कर्त्तव्य'

(ग) जीवन में खेलों का महत्त्व

संकेत बिंदु– ' खेल क्या होते हैं ' खेल के लाभ ' खेलों के प्रकार ' खेल से स्वास्थ्य को होने वाला लाभ

13.अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दीजिए। **5X1=5**

अथवा

दादा जी ने आपके जन्मदिन पर स्मार्टवॉच भेजी है इसके लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें पत्र लिखें।

14 माता जी और पुत्री के मध्य दशहरा के त्योहार को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

अथवा

परीक्षा की तैयारी को लेकर पिता और पुत्री के हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **5X1=5**

15.'एवन साईकिल' की अधिक बिक्री हेतु एक विज्ञापन लिखिए। **4X1=4**

अथवा

'ग्लो एंड ग्लो' क्रीम की अधिक बिक्री हेतु एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।

********************